आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 03.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वेस्ट मैनेजमेंट और संसाधनों के पुर्नउपयोग को आज के समय की जरूरत बताया–जयपुर में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई शेरों को संरक्षित करने में जनजातीय समुदायों और महिलाओं की भूमिका की सराहना की।
- विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर प्रदेश में पशु–पक्षियों के लिए गौशालाओं में पानी के कुंड बनाने और परिंडे बांधने के अभियान की शुरूआत।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा–दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता।

000

केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वेस्ट मैनेजमेंट और संसाधनों के पुर्नउपयोग को आज के समय की जरूरत बताया है। श्री खट्टर ने आज जयपुर में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का उद्घाटन किया। सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को देश की बड़ी उपलब्धि बताया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत अब तक 10 करोड़ नए शौचालय बनाए जा चुके हैं। ये स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

............

शहरी मामलों के मंत्री ने राजस्थान सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान में अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर बेहतरीन काम किया जा रहा है। राज्य में कचरा प्रोसेसिंग की क्षमता 21 लाख मैट्रिक टन से बढ़ाकर 45 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, ग्रीन बजट के तहत 27,854 करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जा रही हैं, जिससे सतत विकास को गति मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि भारत वैश्विक स्तर पर सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एक नया ग्लोबल अलायंस बनाने का प्रस्ताव रखेगा। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को आगे बढ़ाते हुए भारत 'सिटीज पॉल्यूशन स्कैन फॉर सर्कुलरिटी' नाम की नई पहल प्रस्तावित करेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में ढाई सौ करोड़ रुपये की लागत से सर्कुलर इकोनॉमी पार्क और स्वच्छ और हरित केंद्र विकसित किए जा रहे हैं।

राजस्थान में लैंडफिल साइट्स से 88 लाख क्यूबिक मीटर कचरे का निष्पादन किया जा चुका है। 326 एकड़ भूमि को दोबारा उपयोग के लिए तैयार किया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ई–वेस्ट निस्तारण, जैविक उर्वरक उपयोग, रिफ्यूज डेराइव्ड फ्यूल और ट्रीटेड वॉटर पॉलिसी पर काम कर रही है।

...........

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में फोरम के 12वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। पांच मार्च तक चलने वाले इस फोरम में एशिया–प्रशांत देशों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि, जिनमें नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शिक्षाविद और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस आयोजन में भारत, जापान, संयुक्त राष्ट्र संगठनों और अन्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। फोरम में इंडिया पवेलियन, नीति और महापौरों का संवाद, तकनीकी क्षेत्र का दौरा, अंतरराष्ट्रीय थ्री आर व्यापार, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी और 'जयपुर डिक्लेरेशन' को अपनाने जैसे प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई शेरों को संरक्षित करने में जनजातीय समुदायों और महिलाओं की भूमिका की सराहना की है। श्री मोदी ने आज गुजरात में जूनागढ़ के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। बोर्ड की बैठक में वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला रखी और 16वीं एशियाई शेरों की जनगणना 2025 का भी शुभारंभ किया।

बैठक में पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, विभिन्न राज्यों के सदस्य और वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और सचिवों ने भाग लिया।

बैठक से पहले प्रधानमंत्री ने गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लिया। प्रधानमंत्री ने वन्यजीवों के संरक्षण और प्रबंधन में लगे फील्ड स्टाफ के लिए पेट्रोलिंग बाइक को भी हरी झंडी दिखाई।

विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर आज प्रधानमंत्री ने सभी लोगों से जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण में देश के योगदान पर भी गर्व व्यक्त किया।

................

000

विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम रखे गए। जयपुर में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पक्षियों के लिए चुग्गे और परिंडे बांधने के अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री कुमावत ने कहा कि सनातन संस्कृति हर प्राणी का महत्व है। इसमें पशुओं और पेड़—पौधों की भी पूजा की जाती है। उन्होंने सभी से पशु—पक्षियों के प्रति दया और करूणा का भाव रखने की बात कही। श्री कुमावत ने कहा कि अभी गर्मी का मौसम शुरु हो रहा है।

आज से पशुपालन विभाग प्रदेशभर में पक्षियों के लिए परिंडे बांधने की शुरूआत कर रहा है। इससे गर्मी के मौसम में पशु—पक्षियों को पीने का पानी आसानी से मिल सकेगा। गौशालाओं में उचित स्थानों पर पानी के कुंड बनाने का काम भी किया जाएगा।

इस अवसर पर विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने आम नागरिकों और स्वयं सेवी संस्थाओं से इसके लिए योगदान देने का आग्रह किया। विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर पाली के जवाई बांध क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को वन्यजीवों के संरक्षण की जानकारी दी गई।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और आर. महादेवन की एक पीठ ने छह याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। इस निर्णय की घोषणा करते हुए, न्यायाधीश महादेवन ने कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के साथ न्यायिक सेवाओं में भर्ती के मामले में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समावेशी रूपरेखा सुनिश्चित करने के लिए राज्य को उनके लिए सकारात्मक तंत्र प्रदान करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने मूलभूत समानता सुनिश्चित करने के महत्व का उल्लेख किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से आज महाराष्ट्र के संभाजीनगर के होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों और होम्योपैथी चिकित्सकों के दल ने मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान श्री बागड़े ने दल को राजस्थान की संस्कृति और विरासत के बारे में बताया। राज्यपाल ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का उपयोग मानवता की सेवा के लिए किये जाने का आह्वान किया। साथ ही चिकित्सा में सेवा—भाव को सबसे ऊपर रखने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा व्यवसाय नहीं सेवा कार्य है।

000

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आज पाली में नशा छोड़ो—जीवन जोड़ो साइकिल यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने सोजत तक साइकिल चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले उन्होंने पाली में जनसभा को संबोधित किया और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

............

एनएसयूआई की ओर से आयोजित साइकिल यात्रा में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आस—पास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की बरसात हो सकती है। राज्य में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। 7 मार्च से तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। इस बीच, आज बालोतरा में आज तेज हवाएं चलीं। धूलभरी आंधी चलने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

000